वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 | अंक : 52 | मंगलवार 20 जून 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## सांसद दीया कुमारी ने वनमंत्री भूपेंद्र यादव को लिखा लेटर

### कहा- टाइगर रिजर्व के वीकऑफ पर करें पुनर्विचार, आदेश में संशोधन किया जाए

**जयपुर. कासं।** राजसमंद सांसद और नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी की सदस्य दीया कुमारी ने केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव को पत्र लिखकर देश के टाइगर रिजर्व में 1 जुलाई से साप्ताहिक अवकाश के फैसले पर पुनर्विचार की मांग की है। दीया कुमारी ने कहा कि देश के टाइगर पार्क मानसून के दिनों में 92 दिन तक बंद रहते है। इसके साथ ही 52 साप्ताहिक अवकाश पर्यटकों के लिए रिजर्व में जाने के लिए उपलब्ध दिनों की संख्या को काफी कम कर देंगे। इससे पूरे देश में पर्यटन पर काफी प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में इस निर्णय पर पुनर्विचार कर वर्तमान आदेश में संशोधन किया जाए। दीया कुमारी ने कहा कि मेरे नाम से कुछ लोगों ने गलत तरह की जानकारी मीडिया में बताई थी। जबकि मैंने वीकली ऑफ को लेकर किसी तरह की पैरवी नहीं की थी। बल्कि मैं तो इस पूरे मामले पर पुनर्विचार की मांग कर रही हूं। बता दें कि राजस्थान में वन विभाग ने नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) के आदेश के बाद 1 जुलाई से हर बुधवार प्रदेश के टाइगर रिजर्व पर्यटकों के लिए बंद रखने का फैसला किया था। जिसके बाद प्रदेश के रणथंभौर टाइगर रिजर्व, सरिस्का टाइगर रिजर्व, मुकुंदरा टाइगर रिजर्व और रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में जुलाई से हर बुधवार के दिन पर्यटन गतिविधियां बंद रखी जाएगी।



## मंदिरों को ट्यूरिस्ट डेस्टिनेशन की तरह विकसित करेगी गहलोत सरकार

### सीएम ने मंजूर किया 13 करोड़ का फंड, देवस्थान मंत्री के क्षेत्र को मिले 4 करोड़



**जयपुर. कासं।** गहलोत सरकार धार्मिक केंद्रों को ट्यूरिस्ट डेस्टिनेशन की तरह विकसित करने की योजना पर काम कर रही है। सीएम अशोक गहलोत ने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 13.48 करोड़ मंजूर किए हैं। इस फंड से नागौर, जैसलमेर और अलवर के प्रमुख धार्मिक केंद्रों को ट्यूरिस्ट डेस्टिनेशन के तौर पर विकसित करने के काम होंगे। सीएम ने देवस्थान और उद्योग मंत्री शकुंतला रावत के विधानसभा क्षेत्र बड़े मंदिरों के विकास कामों के लिए 4.24 करोड़ का फंड मंजूर किया है। नागौर जिले में बुटाटी में 3.10 करोड़ रुपए, घाटवेश्वर महादेव मंदिर में 1.65 करोड़, हरमल दासजी महाराज मंदिर में 1.61 करोड़ और दरगाह हजरत सम्मन बड़ी खाटू में 1.36 करोड़ रुपए सहित कुल 7.74 करोड़ रुपए के काम करवाए जाएंगे।

### जैसलमेर के कालेडूंगर राय मंदिर को विकसित करेगी सरकार

सीएम ने जैसलमेर के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल कालेडूंगर राय मंदिर परिसर में विकास कामों के लिए 1.50 करोड़ मंजूर किए हैं। इस मंदिर के प्रांगण में मार्बल टाइल्स, सोलर पावर प्लांट, नई धर्मशाला बनाई जाएगी। सरकार के फंड से मंदिर परिसर में लगी बैंचों की मरम्मत होगी। मंदिर तक तक जाने के लिए सीसी रोड, जैसलमेर-जेठवाई-कालेडूंगर सड़क को अपग्रेड किया जाएगा। देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत के विधानससभा क्षेत्र अलवर जिले के बानसूर में दो प्रमुख मंदिरों में विकास के काम करवाने के लिए सीएम अशोक गहलोत ने 4.24 करोड़ का फंड मंजूर किया है। इस फंड से अलवर जिले के बानसूर किले में माताजी मंदिर, गंगा माता मंदिर और तालवृक्ष में विकास के काम होंगे। बानसूर किले में माताजी मंदिर की सीढियों की मरम्मत होगी। किले में नया पाथवे बनाने के साथ स्टील रैलिंग, नया हॉल बनेगा। पत्थर की बैंच बनाई जाएंगी। सोलर प्लांट लगाने के साथ विकास के दूसरे काम करवाए जाएंगे। गंगा माता मंदिर, तालवृक्ष में नई धर्मशाला बनेगी। सोलर लाइट लगाने, मंदिर परिसर में पार्किंग, चारदीवारी बनाने सहित कई काम होंगे।

**जेजेएम व पेयजल प्रोजेक्ट :मीना बोले...**

# 20 हजार करोड़ का घोटाला, मंत्री व एसीएस के खिलाफ करेंगे शिकायत

**जयपुर. कासं**

भाजपा ने प्रदेश के जल जीवन मिशन (जेजेएम) व पेयजल प्रोजेक्ट के टेंडरों में हो रही गड़बड़ी व भ्रष्टाचार को लेकर अब राज्य सरकार को घेरा है। सांसद किरोड़ीलाल मीना ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में जलदाय मंत्री महेश जोशी व एसीएस की शह पर जेजेएम व पेयजल प्रोजेक्ट में 20 हजार करोड़ का घोटाला होने का आरोप लगाया है। विभाग में हुए भ्रष्टाचार को लेकर मुख्य सतर्कता आयुक्त के साथ ही पुलिस थाने में शिकायत की जाएगी। सांसद किरोड़ीलाल मीना ने कहा कि टेंडर को प्रभावित करने के लिए साइट विजिट का नियम डाला और इस विजिट का प्रमाण पत्र देने का अधिकार अधिकारी को दिया। ताकि अधिकारियों को टेंडर भरने वाले ठेकेदार का मालूम चल जाए। इससे टेंडर में पुलिंग हो गई और 40 फीसदी ज्यादा रेट पर वर्कऑर्डर दे दिया। फर्जी अनुभव व टर्नओवर प्रमाण पत्र के आधार पर टेंडर लिए जा रहे है। सांसद मीना का आरोप है कि फर्म गणपति ट्यूबवेल कंपनी और श्रीश्याम ट्यूबवेल कं. ने फर्जी अनुभव व टर्नओवर प्रमाण पत्र लगा कर विभाग के उच्चाधिकारियों की मिलीभगत से दो साल में 900 करोड़ के टेंडर लिए है। इरकॉन इंटरनेशनल लिं. ने 22 मार्च व 6 अप्रेल को विभाग को ईमेल से सूचित किया, लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत के कारण कोई कार्यवाही नहीं हुई। जलदाय विभाग का दावा है कि जेजेएम को लेकर लगाए गए सांसद मीना के आरोप निराधार है। जेजेएम में केवल 16 हजार 500 करोड़ रुपए खर्च हुए है। ऐसे में 20 हजार करोड़ से जुड़े आरोपों में कोई आधार नहीं है। करीब 20 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स में निविदा दरें अधिक आने के बाद सभी टेंडर निरस्त कर दिए है। गणपति ट्यूबवैल के मामले की जांच कराई गई थी।

### साइट विजिट नियम से पूलिंग

सांसद मीना ने आरोप लगाया है कि 6 अक्टूबर 2021 से 24 नवंबर 2022 तक 10 हजार करोड़ के 11 कार्यों के लिए 48 टेंडर लगाए। इन निविदाओं में बिड से पहले साइट विजिट का प्रावधान रखा था। ताकि फर्मों को पुलिंग का मौका मिल गया। इन फर्मों को पुलिंग के चलते लागत तीस से चालीस प्रतिशत तक बढाने का मौका मिल गया, इस तथ्य को पीएचईडी विभाग की फाइनेंस कमेटी ने स्वीकृत भी कर दिया।



# जगतपुरा मंदिर का वार्षिक महोत्सव हर्षोल्लास से हुआ सम्पन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जगतपुरा मुख्य बाजार स्थित अतिशय कारी प्राचीन श्री शांतिनाथ दि जैन मंदिर का दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ कार्यक्रम संयोजक विनोद पापडीवाल, राकेश पाटनी ने जानकारी दी कि कार्यक्रम मे डा ऊषा सेठी, सुमित्रा जैन,लता जैन, निक्की वैद ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया । श्री 48 दीपकों से श्री भक्तामर दीप अनुष्ठान एवं 108 दीपकों से संगीतमय महाआरती का भव्य विशाल आयोजन किया। जिसमें प्रख्यात संगीतकार नरेन्द्र कुमार जैन, आदी जैन तथा श्रीमती सुनीता गंगवाल ने मंच संचालन किया। इसके पश्चात प्रातः 7 बजे गाजे बाजे के साथ पालकी में श्री जी को विराजमान कर घटयात्रा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जहां निर्मल गोधा, मनोज सौगानी ने ध्वजारोहण किया इसके पश्चात प्रतिष्ठाचार्य विमल जैन वनेठा के नेतृत्व में श्री शांतिनाथ मंडल विधान किया गया जिसमें कमल मंजू वैद को सोधर्म इन्द्र बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी सुरेश सोनी, गणिनी आर्यिका स्वस्तिभुषण माता जी के परम भक्त माणक रमेश ठोलिया, ज्ञान चंद झांझरी, उत्तम पांड्या, दि जैन महासमिति मालवीय नगर संभाग के अध्यक्ष अजीत बड़जात्या, युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जैन, महामंत्री विमल बज कार्यक्रम में उपस्थित हुये। इस अवसर पर उपस्थित सभी धार्मिक बंधुओ का अध्यक्ष कमल वैद, मंत्री प्रमोद जैन , हनुमान जैन,प्रवीण गोधा मुकेश जैन ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत सम्मान किया।















# सुपर पावर भारत के अंतर्गत हुआ बिजनेस सेमिनार का आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** 18 जून रविवार को होटल ग्रैंड मैजेस्टिक, बनीपार्क में सुपर पावर भारत के बैनर तले बिजनेट 2023 ( बिजनेस नेटवर्किंग मीट ) का आयोजन किया गया। सेमिनार की आयोजक निशिता सुरोलिया एवं श्रीमती प्रियंका अग्रवाल ( पार्षद वार्ड 21, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर) ने बताया कि इन सेमिनार के माध्यम से उभरते हुए उद्यमियों को एक बेहतरीन मंच प्रदान किया गया, जिसके माध्यम से सभी उद्यमियों ने ऑफलाइन एवं ऑनलाइन मार्केटिंग व सोशल नेटवर्किंग के माध्यम को समझ अपने बिजनेस व स्टार्ट अप को नए आयाम व ऊंचाइयों पर कैसे पहुंचाये, इसके संदर्भ में अपने विचार साझा किए। सेमिनार के होस्ट व एंकर नीरज जैन ने बताया कि सेमिनार का उद्देश्य बड़े उद्योगों के साथ ही नए उद्यमियों को अपना स्टार्ट अप शुरू करने में मदद करना रहा। सेमिनार के टाइटल स्पॉन्सर प्रसिद्ध ज्वेलरी हाउस जवाहरात के श्री राम दयाल भड़ाया व हार्दिक भड़ाया थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जाने माने वक्ता, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक - डॉ. आशुतोष पंत, श्रीमती शिखा पंत उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रसिद्ध समाज सेवी व उद्योगपति - प्रेम गोयल, समाजसेवी व जाने माने पत्रकार- दीपेश अग्रवाल, जयपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष - सुभाष गोयल, स्टार हॉस्पिटल सांगानेर के निदेशक डॉ. राकेश केदावत, विनोद अग्रवाल, समाज सेविका श्रीमती राधिका अग्रवाल व नम्रता सुरोलिया आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आबकारी नीति की पालना हेतू ज्ञापन दिया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** शराबबन्दी आंदोलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम अंकुर छाबड़ा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलकर ज्ञापन देकर कहा आज प्रदेश में आबकारी नीति की पालना नही हो रही है, जब तक प्रदेश में शराबबंदी लागू नही होती तब तक प्रदेश में आबकारी नीति की पालना से ही शराब की दुकानों का संचालन हो। वर्तमान में प्रदेश में पूरी रात शराब की दुकाने खुली रहती है, बड़े-बड़े अवैध होर्डिंग व बैनर लगा कर नशे का प्रचार किया जा रहा है। एक लाइसेंस पर कई अवैध ब्रांचों का संचालन आबकारी की मिलीभगत से किया जा रहा है, आबकारी आयुक्त को महिलाओं व आमजन द्वारा शिकायत करने पर भी आबकारी आयुक्त मौन हैं और शराब व्यापारी का ही पक्ष ले रहे है अभी तक सैंकड़ो शिकायतों के बावजूद आयुक्त ने एक भी शिकायत का निस्तारण नही किया और शराब के व्यपारियों के सहयोगी के रूप में काम कर रहें हैं। पूनम अंकुर छाबड़ा ने सरकार के मुखिया के सामने अपनी बात रख कर जल्द से जल्द आबकारी नीति की पालना की माँग की है, पूनम अंकुर छाबड़ा ने कहा कि यदि ऐसा ही चलता रहा तो जल्द ही करूंगी आंदोलन।




## वेद ज्ञान

# सकारात्मक प्रवृत्तियों के माध्यम से ही लक्ष्य होता है प्राप्त

समाज में रहने के लिए स्थान की आवश्यकता पड़ती है। अपने उच्चकोटि के कार्यों के लिए जीवन समर्पित करना होता है। उत्कृष्टता प्रतिष्ठा दिलाती है, निकृष्टता अपयश प्रदान करती है। यथार्थ का ज्ञान रखने वाले जूझते लोगों से प्रश्न पर प्रश्न करने लगते हैं। सभी को संतुष्ट कर पाना दुष्कर रहता है। कभी-कभी प्रश्न उलझन बढ़ाता है। उलझन ही तनाव है। प्रश्नकर्ता समस्या बढ़ाते हैं। समाधान नहीं करते। अपने लक्ष्य पर दृष्टि लगाए लोग आत्म-प्रशंसा नहीं सुनना चाहते हैं। ज्ञान देने वाले के उच्च आचरण का प्रभाव पड़ता है। छल करने वाले कभी चरित्रवान पर विश्वास नहीं करते। उन्हें स्वयं की भांति घात करने वाले ही प्रिय लगते हैं। धन से सम्पन्न व्यक्ति सर्वगुण संपन्न भले न हों, पर अधिकांश लोग उनकी चापलूसी करके प्रसन्न होते हैं। किसी के जीवन-लक्ष्य पर प्रश्न करने के लिए सर्वप्रथम उससे श्रेष्ठ होना प्रथम शर्त है। ऊंचाई पर प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की सफलता का रहस्य उसका गतिमान जीवन है। ऐसा व्यक्ति कल्पनाओं में नहीं डूबता बल्कि कर्म करता है। किसी को दबाने में केवल निजी अहं का संबर्द्धन होता है, न कि सात्विक सकारात्मक सद्विचार का। जब बड़ा दोष स्वयं को गुण लगने लगता है तो विकास बाधित हो जाता है। गुण-दोष की तुला संसार की दृष्टि में है। योग्यता को नकार कर अयोग्यता की महत्ता पर संदेह स्वाभाविक है। योग्यता सत्य है तो अयोग्यता असत्य। स्थान पाने पर भी असत्य में सत्य के बगैर निखार नहीं आता। चातक केवल स्वातिजल पीता है, उसी की एक बूंद सीप में मोती बना देती है। समय बीतने के साथ परिश्रमी अपने मूल्यांकन पर दृष्टि रखता है। पहले से प्रतिक्षण वह कितना आगे बढ़ पाया, इसकी समीक्षा में उसे लगना पड़ता है। संसार उसकी ही चर्चा-मीमांसा करता है, जिसे वह अपनी सफलता की तुला पर तौल चुका होता है। अपने सार्थक जीवन के लिए अपनी केवल दो आंखें अकुलाती हैं। दूसरों की आंखों में संवेदना न होने के कारण किसी की खिल्ली उड़ाने में तथाकथित समर्थ लोग नहीं हिचकिचाते। किसी को गिराने में लंगड़ी मारने के लिए कभी-कभी होड़ लग जाती है। इस तरह की नकारात्मक प्रवृत्तियों वाले लोग लक्ष्यों को हासिल नहीं कर सकते।

## संपादकीय

# शिक्षा में राजनीति बेहद ही घातक है...

आजादी के बाद जब शिक्षा नीति बनी तो उसका उद्देश्य उदारवादी ढंग से ज्ञान परंपराओं को समाहित करके बच्चों में तार्किक, वैज्ञानिक और नवोन्मेषी दृष्टि विकसित करना था। उसी ढंग से पाठ्यपुस्तकें तैयार की गईं। उन पुस्तकों को बनाने के लिए विभिन्न अनुशासनों और चिंतन-पद्धतियों के लोगों को शामिल किया गया। सबसे बड़ी बात कि पाठ्यपुस्तकों को दलीय राजनीति और सरकारी दबाव से बिल्कुल मुक्त रखा गया। मगर पिछले कुछ सालों से जिस तरह विभिन्न राज्यों और केंद्रीय संस्था एनसीईआरटी की किताबों में से पुराने पाठों को पूरा या आंशिक रूप से हटाने या नए पाठ जोड़ने को लेकर लगातार विवाद देखे जाते रहे हैं, उससे भारतीय शिक्षा-व्यवस्था पर स्वाभाविक ही सवाल उठने लगे हैं। पाठ्यपुस्तकों में राजनीतिक आग्रह या दुराग्रह आखिरकार विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया को बाधित करते हैं। पिछले दिनों एनसीईआरटी की पुस्तकों में से कुछ पाठ हटाए गए थे। उसे लेकर पूरे देश में खासा विवाद पैदा हुआ था कि आखिर सरकार बच्चों को किस प्रकार की शिक्षा देना चाहती है।



अब एनसीईआरटी की राजनीति विज्ञान और समाज विज्ञान की पुस्तकों की सलाहकार समितियों से जुड़े करीब तैंतीस विद्वानों ने पत्र लिख कर अनुरोध किया है कि उन किताबों की सलाहकार समिति से उनका नाम हटा दिया जाए, क्योंकि जो किताबें उन्होंने तैयार की थीं, उनका स्वरूप अब वही नहीं रह गया है। उधर कर्नाटक सरकार ने राज्य परिषद की पुस्तकों में से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और वीर दामोदर सावरकर आदि से संबंधित पाठ पुस्तकों से निकालने और उसकी जगह नेहरू, सावित्रिबाई फुले, आंबेडकर आदि की रचनाओं को शामिल करने की मंजूरी दे दी है। हालांकि कांग्रेस ने इसकी घोषणा अपने विधानसभा घोषणापत्र में ही कर दी थी। ऐसी घटनाएं दूसरे राज्यों में भी हो चुकी हैं। यह बिल्कुल हाल की प्रवृत्ति भी नहीं है। पिछले बीस सालों से इस प्रवृत्ति ने अब जैसे जड़ें पकड़ ली है। यह बहुत खतरनाक और चिंताजनक स्थिति है। बच्चों को क्या पढ़ाना है, यह इस बात से तय होता है कि भविष्य में देश को कैसा बनाना है। पहले ही शिक्षा के क्षेत्र में कई तरह की विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं। अब धीरे-धीरे शिक्षा गरीब लोगों के हिस्से से बाहर होती जा रही है। ऐसे में अगर सरकारें पाठ्यपुस्तकों में अपने नेताओं का महिमामंडन करने और विपक्षी दल के महापुरुषों का मानमर्दन करने पर तुल जाएं, तो आखिर हमारे देश की नई पीढ़ी की बुनियाद कैसी होगी, अंदाजा लगाया जा सकता है। जब भी पाठ्यपुस्तकें तैयार की जाती हैं तो उनमें पाठों का चुनाव करते वक्त इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि उससे बच्चे को व्यावहारिक और कार्य जीवन के लिए क्या सीखने को मिल सकता है। उसमें अपने समाज, पर्यावरण, संस्कृति, सभ्यता, मानवीय मूल्यों, राजनीतिक व्यवस्था आदि से जुड़े कितने आयाम वह ग्रहण कर सकता है। उससे उसकी कल्पनाशक्ति का कितना विकास हो सकता है।


**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# फैसले के मायने...

एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने पार्टी के 25वें स्थापना दिवस पर बड़ा ऐलान करते हुए 2 कार्यकारी अध्यक्ष घोषित कर दिए। दोनों सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया गया है। लेकिन अजित पवार को कोई नई जिम्मेदारी नहीं दी गई, उन्हें महाराष्ट्र की राजनीति में ही सक्रिय रहने का संदेश दे दिया गया। अब शरद पवार की जैसी सियासत रही है, उनका कोई भी फैसला सिर्फ सिर्फ फैसला नहीं होता है, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति होती है। अब इस एक फैसले की भी अपनी एक कहानी है। अजित की झोली खाली रहना कोई आकस्मिक नहीं है, बल्कि 2019 के ट्रेलर ने इस बात के संकेत दे दिए थे। असल में 2019 के चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनी थी, लेकिन बहुमत से दूर रह गई। शिवसेना के साथ जाना पक्का लग रहा था, लेकिन सीएम कुर्सी ने समीकरण बदल दिए और उद्धव एनसीपी-कांग्रेस के साथ चल दिए। उस समय एक दूसरी पटकथा ये चल रही थी कि अजित पवार ने बीजेपी से संपर्क साधा, दावा किया कि उनके साथ कई एनसीपी के विधायक हैं और इसी दम पर देवेंद्र फडणवीस ने सीएम पद की शपथ ली। डिप्टी सीएम का पद अजित के पास गया, लेकिन 72 घंटों में सब बदल गया। शरद पवार असली बॉस साबित हुए, कांग्रेस-शिवसेना के साथ मिलकर स्पष्ट बहुमत साबित किया और उद्धव की ताजपोशी हो गई। ये किस्सा पुराना जरूर है, लेकिन शरद पवार के मन में अजित को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा करने वाला है। शरद पवार ने कभी उम्मीद नहीं की थी कि उनके फैसले के खिलाफ जाकर अजित ऐसे बीजेपी से हाथ मिला लेंगे। उनकी घर वापसी जरूर हो गई,लेकिन अविश्वास की एक खाई पैदा हो चुकी थी। इस घटना के अब पांच साल बाद फिर ऐसा माहौल बना था जब कहा गया कि अजित फिर बीजेपी से हाथ मिला सकते हैं। दावा तो ये भी हो गया था कि 25 से ज्यादा विधायकों का समर्थन अजित के साथ है। ये दावे अगर सच साबित होते तो उद्धव के बाद शरद पवार के साथ महाराष्ट्र में बड़ा सियासी खेला हो जाता। खैर ये सिर्फ अटकलें ही रहीं और शरद पवार ने सही समय पर एक बड़ा सियासी फैसला लिया। उनकी तरफ से ऐलान किया गया कि वे एनसीपी के अध्यक्ष पद को छोड़ रहे हैं। कार्यकर्ता हैरान रह गए, पार्टी के अंदर खलबली मच गई। लेकिन तब तक शरद अपने फैसले पर कायम रहे। उनके फैसले का हर तरफ विरोध हो रहा था, कार्यकर्ता तो स्वीकार करने को तैयार ही नहीं थे, लेकिन अजित पवार का अलग ही बयान सामने आया। उन्होंने कह दिया कि कि शरद पवार के फैसले का सम्मान होना चाहिए और नए नेतृत्व को मौका मिले। उनका ये बयान राजनीतिक गलियारों में अलग ही संदेश लेकर गया। माना गया कि अजित एनसीपी के अगले अध्यक्ष बन जाएंगे। लेकिन ऐसा संदेश सिर्फ अजित के खेमे की तरफ से जा रहा था, ज्यादा विश्वनीय अटकलें ये थीं कि सुप्रिया सुले अगली अध्यक्ष बन सकती हैं, उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में बड़ा पद देने की तैयारी है। अब उस समय कार्यकर्ताओं की नाराजगी को देखते हुए शरद पवार ने अपना इस्तीफा तो वापस ले लिया, लेकिन माना गया कि जब मौका आएगा तो सुप्रिया सुले की ही ताजपोशी होगी और अजित महाराष्ट्र तक सीमित रह जाएंगे।

# वरुण पथ में तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू



जयपुर. शाबाश इंडिया

वरुण पथ मानसरोवर श्री दिगंबर जैन मंदिर में गणिनी आर्यिका 105 भरतेश्वरी माताजी ससंघ के सानिध्य व पंडित प्रद्युमन शास्त्री के निर्देशन में तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिन मंत्रोचार द्वारा झंडारोहण के साथ घट झ यात्रा के जुलूस का आयोजन हुआ। जिसमें महिलाएं केसरियां कपड़ों में सिर पर जल का कलश लिए व




पुरुष सफेद कपड़ों में बैंड बाजों के साथ भगवान महावीर के जयकारों के साथ नगर भ्रमण कर मंदिर पहुंच कर वेदी की शुद्धि की। तत्पश्चात सैकड़ों महिला एवं पुरुषों ने संगीतमय पंच परमेष्ठी भगवान की पूजा की गई। समिति अध्यक्ष एम पी जैन, मंत्री जे के जैन ने बताया इस कार्यक्रम के दौरान नवनिर्मित कार्यालय का भी उद्घाटन किया जाएगा। सुनील जैन गंगवाल ने बताया जिनालय के पुण्यार्जक भंवरी निर्मल काला, वेदी के पुण्यार्जक सतीशझ मंजू कासलीवाल हैं। कोषाध्यक्ष कैलाश चंद्र सेठी, उप संगठन मंत्री हेमेंद्र सेठी ने बताया सायंकाल आरती व महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया।




गहना बडजात्या

को जन्मदिन (20-6-2023) की हार्दिक शुभकामनाएं

शुभेच्छु: (चंचल देवी) ( नवीन, विनीता ) (कमल-मधु ) (राकेश-सरोज) (मनीष-नीरज) (नवीन-मीनाक्षी) (राहुल-मोनिका) (रोहित-कीर्ति) वैभव, अर्चित, विविधा, नेहल, आदित्य, कीर्तिका, हार्दिक, इशिता, दविश, मानवी, अनिका, दक्ष, दीक्षा एवं समस्त बड़जात्या परिवार नसीराबाद



# मेरी मेहंदी-मेरा हाथ प्रतियोगिता महावीर इंटरनेशनल रॉयल ब्यावर द्वारा हुआ आयोजन

## 146 प्रतिभागियों ने दिखाई अपनी मेहंदी कला में अपनी प्रतिभा

**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। शहर की प्रतिष्ठित समाज सेवी संस्था महावीर इंटरनेशनल रॉयल ब्यावर द्वारा शहर में बालिकाओं एवं महिलाओं हेतु मेरी मेहंदी मेरा हाथ प्रतियोगिता का अरिहंत भवन में आयोजन गया। प्रतियोगिता संयोजक दीपशिखा सकलेचा एवं कांता पालडेचा ने बताया कि प्रतियोगिता मे आयु के हिसाब से दो ग्रुप बनाये गए थे। जूनियर ग्रुप में 7 से 18 वर्ष तक कि आयु की बालिकाएं एवं सीनियर ग्रुप में 18 वर्ष से अधिक की बालिकाएं एवम महिलाओं ने भाग लिया। रोशनी छाजेड़ एवं इति बिनायकिया ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए मौसम की विकट परिस्थिति एवं सुबह से लगातार बारिश के बावजूद भी बहुत अच्छा रिस्पांस प्राप्त हुआ। दोनों ग्रुप मिलाकर 146 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के लिए बारिश में भीगते हुए भी प्रतिभागियों का मेला बना रहा जो कि महिलाओं एवं बच्चियों के प्रतियोगिता के प्रति उत्साह का परिचायक रहा। रेखा नाहटा एवं संध्या बोहरा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रत्येक ग्रुप में प्रथम, द्वितीय, तृतीय के अलावा 11-11 सांत्वना पुरस्कार दिए गए। यह प्रतियोगिता सबके लिए निःशुल्क रखी गयी थी। इस प्रतियोगिता के प्रायोजक राजलक्ष्मी धारीवाल, हर्षिता चौधरी, एवं कोमल मेहता थे। प्रतियोगिता में मंजू बाफना, पूनम मकाना, विनय डोसी, जितेंद्र धारीवाल, पुष्पेन्द्र चौधरी, रोहित मुथा ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। गर्वनिंग काउंसिल सदस्य धनपत श्रीश्रीमाल एवं राजेश रांका ने रॉयल के कार्यों की प्रशंसा करते हुए प्रतिभागियों को सदैव पूर्ण प्रयास के साथ अपनी प्रतिभा प्रदर्शन की प्रेरणा प्रदान की। उन्होंने जोन की और से रॉयल के सदस्य जितेंद्र धारीवाल, इति बिनायकिया एवं पुष्पेंद्र चौधरी को जोन एवं रीजन में पद नियुक्ति के प्रपत्र सौपते हुये बधाई दी। अनुपम रूणीवाल ने रॉयल परिवार द्वारा 2 माह के छोटे से समय ने विभिन्न सामाजिक कार्यों एवं नवाचारी प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु संपूर्ण रॉयल ग्रुप की प्रशंसा करते हुए बधाई और शुभकामनाएं प्रकट की। संस्था अध्यक्ष अशोक पालडेचा ने सभी के सहयोग से भविष्य में भी नए नए कार्यक्रम एवं सेवा कार्यों को करते रहने का भरोसा दिलाया। निर्णायक की भूमिका में हिना, गिरिजा शर्मा, लता ने सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट मेहन्दी बनाने के लिए सराहा। मंच का संचालन रूपेश कोठारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन अशोक पालड़ेचा, धनपत श्रीश्रीमाल, राजेश रांका, पंकज सखलेचा, रूपेश कोठारी, अभिषेक नाहटा, योगेंद्र मेहता, प्रदीप मकाना, राहुल बाबेल, अमित मेहता, हेमेंद्र छाजेड़,अनुपम रुनिवाल, कांता पालडेचा आदि सदस्य उपस्थित थे।






# जैन सोशल ग्रुप नार्थ की पूल पार्टी का भव्य आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप नार्थ का फादर्स डे के अवसर पर कानोता कैंप पुल पार्टी का आयोजन किया गया। ग्रुप अध्यक्ष राहुल जैन ने बताया कि बच्चों ने फादर्स डे पर अपनी भावनाएं व्यक्त की और उन्हें पारितोषिक दिया गया। ग्रुप सचिव राजेंद्र जैन ने बताया कि ठएएळ में सफलता प्राप्त करने पर मोहित जैन एवं उनके परिवार का सम्मान किया गया। कार्यक्रम मुख्य समन्वयक संजय संगीता जैन द्वारा धार्मिक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम विजेताओं को आकर्षक उपहार दिए गए। संदीप आरती जैन द्वारा पूल पर आकर्षक गेम्स का आयोजन किया एवं पारितोषिक भी प्रदान किए गए सभी सदस्यों ने आकर्षित हाउजी का आनंद भी उठाया। कार्यक्रम का सफल संचालन अजय ऋतु कुलदीप नीतू एवं नितिन सरिता जैन द्वारा किया गया। नए सदस्यों का स्वागत मनीष झाझरी संस्थापक अध्यक्ष, अभय गंगवाल पूर्व अध्यक्ष, सुनील सोगानी उपाध्यक्ष, सुकेश काला संगठन मंत्री अनिल गदिया संयुक्त मंत्री, सजय काला कोषाध्यक्ष द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में करीब 170 सदस्य ने वाटर पार्क का आनंद उठाया।






# जीवित पशुओं के निर्यात संबंधी विधेयक को घोर आपत्तिजनक बताकर विरोध किया



## जैन समाज ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

**राघौगढ़. शाबाश इंडिया**

भारत सरकार पशुपालन मंत्रालय द्वारा जीवित पशुओं के निर्यात संबंधी विधेयक का पशु प्रेमियों द्वारा घोर विरोध किया जा रहा है। इस विधेयक को तत्काल वापस लेने की मांग को लेकर दिगंबर जैन समाज राघौगढ़ द्वारा महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम ज्ञापन तहसील कार्यालय राघौगढ़ में तहसीलदार कमल सिंह मंडेलिया को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि इस विधेयक को तत्काल वापस लिया जाए जैन समाज के शिष्टमंडल का नेतृत्व जैन समाज के अध्यक्ष अजय कुमार रावत ने किया। ज्ञापन का वाचन भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कुमार जैन ने किया। इस अवसर पर जैन समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक भारिल्य, प्रेमचंद भारिल्य, मुकेश कुमार जैन बैध जी राकेश कुमार जैन मामा, वीरेंद्र जैन हलवाई, रुपेश चौधरी जैन मिलन के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार जैन, युवा जैन मिलन के अध्यक्ष आकाश जैन, विनय कुमार जैन अभिषेक चौधरी, जितेंद्र कुमार जैन, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश कुमार जैन अन्ना, जितेंद्र कुमार सुमन, राजेश कुमार नामदेव, अतीत कुमार जैन आदि उपस्थित थे।

# गायिका दीपशिखा और यशवर्धन की आवाज में गजल रिलीज




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प्रसिद्ध शायर दुष्यंत कुमार की लिखी गजल 'धूप ये अठखेलियां' हालही में रिलीज हुई। इसका संगीत निर्देशन किया है प्रख्यात शास्त्रीय गायिका व संगीत गुरु प्रोफेसर सुमन यादव ने। आवाज दी है सोनी टीवी गुरुकुल फेम गायिका दीपशिखा जैन व यशवर्धन यादव ने। इसे कम्पोज किया है विक्रम यादव ने। इसे यूट्यूब व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज किया गया है। इसे आम श्रोताओं के साथ साथ संगीत जगत के दिग्गज कलाकारों की भी सराहना मिल रही है।

# जेएसजी सिद्धा की पूल पार्टी आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप सिद्धा ने आपणी ढाणी वॉटर पार्क सीकर रोड पर पूल एवं फॉर्म पार्टी के साथ-साथ फादर्स डे सेलिब्रेट किया। जेएसजी सिद्धा के संस्थापक अध्यक्ष धीरज कुमार सीमा पाटनी एवं अध्यक्ष दिनेश नीलम काला बताया कि सिद्धा परिवार के सभी सदस्यों ने पार्टी का भरपूर आनंद लिया। निवर्तमान अध्यक्ष निर्मल तारा पांड्या एवं सचिव अंजन आकांक्षा जैन ने बताया कि सभी सदस्यों ने आज फादर्स डे का केक काटकर एवं बैलून सजावट के साथ स्पेशल सेलिब्रेशन किया। अतिथियों का स्वागत सम्मान सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के संयोजक मुकेश मनीषा दोषी राहुल स्वाति जैन संजय अर्चना जैन एवं विजय संगीता सोगानी थे।





# ग्रामीण बच्चों को योग-आसनों सहित कराटे के गुर सिखाए



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

नीम फाउंडेशन उदयपुर की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर अलीगढ़ के उपला फला गांव में 50 से ज्यादा ग्रामीण बच्चों को योग करवाया गया। फाउंडेशन फाउंडर रोशनी बारोट ने बताया कि हम फिट तो इंडिया फिट के नारे के साथ ग्रामीण बच्चों को योग कराए। जिसमें वृक्षासन, ताड़ासन, एक पादहस्तासन, भुजंगासन समेत कई आसन करवाए और उन्हें योग के फायदों के बारे में समझाते हुए जीवन में योग को शामिल करने एवं प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों में आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए वॉली योगा एन्ड कराटे एकेडमी के कपिल कलाल की ओर से कराटे, पंचेज और ब्लॉक भी सिखाए, जिससे कि जरूरत पड़ने पर बच्चे स्वयं की रक्षा के साथ किसी और की मुसीबत में काम आ सके। रोशनी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर शहरी क्षेत्रों में कई आयोजन होते हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे इस तरह की एक्टिविटी से वंचित होते हैं ऐसे में संस्था द्वारा आने वाले समय में भी उन्हें योग और कराटे से जोड़े रखने के लिए प्रयास किए जाएंगे। आयोजन के दौरान सूरत पारगी, सोनल बारोट सहित फाउंडेशन के अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे। योग एवं कराटे प्रशिक्षण के बाद सभी बच्चों को अल्पाहार भी कराया गया साथ ही बताया गया कि योग के बाद हेल्दी फूड जरूर ले। **रिपोर्ट/ फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**

# कंप्यूटर ट्रेडर्स एसोसिएन के चिकित्सा शिविर में सैकड़ों लाभान्वित

## रक्तदान शिविर में 52 यूनिट रक्त एकत्र



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** सुधा ओथोर्पेडिक एवं गायनिक हॉस्पिटल पर रविवार को कम्प्यूटर ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा स्वास्थ्य जाँच एवं रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। बिपरजॉय तूफान के चलते मौसम खराब होने के बावजूद 52 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक शिविर में रक्तदान किया। इसके अलावा हॉस्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, निशुल्क एवं रियायती दर पर जांच आदि भी रखी गयी थी जिसमें 150 से अधिक शहरवासी लाभान्वित हुए। अंत में उदयपुर कंप्यूटर ट्रेडर्स एसोसिएशन अध्यक्ष विकास अग्रवाल, सचिव राजीव मेहता एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने सुधा हॉस्पिटल के सभी सेवा देने वाले डॉक्टरों एवं प्रबंध निदेशक मदनलाल अग्रवाल को उपरना ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। रिपोर्ट/फोटो : दिनेश शर्मा, अर्जेंट स्टूडियो


## श्री दिनेश - श्रीमती संगीता गंगवाल




दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सम्मानीय सदस्य

की वैवाहिक वर्षगांठ (20 जून) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका,
**संरक्षक:** सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, दर्शन - विनीता जैन
**कार्याध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - निशा संघी, **कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।


सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com